प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

एम.एस.एम.ई.

केंद्र सरकार के सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एम.एसएमई तकनीकी केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। यह तकनीकी केंद्र 10–10 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जाएंगे। एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर्स की स्वीकृति हिमाचल प्रदेश में उद्योगों को मजबूत करने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। इन टेक्नोलॉजी सेंटर्स के स्थापित होने से राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे उद्योगों को आधुनिक तकनीकी सहयोग मिलेगा, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।..अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ऊना जिला संवाददाता.

केंद्र सरकार के सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एम.एसएमई तकनीकी केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय ने देशभर में 13 नए टेक्नोलॉजी सेंटर–एक्सटेंशन सेंटर स्थापित करने को लेकर कार्यालय ज्ञापन जारी किया है, जिनमें पंडोगा और परवाणू को भी शामिल किया गया है।

पंचायत पोर्टल

प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय को पारदर्शी और डिजीटल बनाने के उददेश्य से समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग अनिवार्य कर दिया है। पंचायती राज विभाग की अधिसूचना के अनुसार पहली अप्रैल से प्रदेश की ग्राम पंचायतों में ये अनिवार्य किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक कर और गैर कर राजस्व का निर्धारण, करदाताओं का पंजीकरण, ऑनलाइन मार्ग सृजन, पंचायत की संपत्तियों का राजस्व उपयोग और नागरिकों से भुगतान की डिजिटल वसूली अब समर्थ पोर्टल से ही होगी। इसके अंतर्गत ऑफलाइन प्रक्रिया पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे ग्राम पंचायतों की व्यवस्था में पारदर्शिता, मानकीकरण, और दक्षता बढने के साथ वित्तीय आत्मनिर्भरता मजबूत होगी।

युवा संसद कार्यक्रम

26वें राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में शिमला जिला के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग, के 8 विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम व राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को नई दिल्ली में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संसदीय प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा नेतृत्व, अनुशासन और प्रभावी वक्तृत्व कौशल को प्रोत्साहित करना है।

वंदे मातरम – गणतंत्र दिवस

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने, भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह समारोह आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ–साथ राष्ट्रीय गीत को भी सर्वश्रेष्ठ सम्मान देगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय ने कहा कि समाज के सभी वर्गों से लगभग 10 हजार लोगों को इस वर्ष की परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

मंत्रालय ने बताया कि राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों की तीस झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी जो स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता, संस्कृति और विकास के विषयों को प्रतिबिंबित करेंगी।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम ने करवट ली है। लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फबारी के चलते कई ऊंचाई वाले सड़क मार्ग प्रभावित हैं। लाहौल में कोकसर से रोहतांग व दारचा से सरचू सड़क मार्ग बंद है और शिंकुला टॉप सड़क बर्फबारी की वजह से प्रभावित हुई है। वहीं स्पीति में ग्रांफू से बाथल और लोसर से बाथल सड़क मार्ग बर्फबारी के चलते बंद हैं।

वहीं मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहे। इधर आज भी प्रदेश के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 19 से 22 जनवरी तक उंचाई वाले क्षेत्रों में मध्यम से हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मध्यवर्ती व मैदानी क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी के कम आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया................

वर्तमान में 19 तारीख तक जो स्पेल है इसमें शिमला, कुफरी व नारकंडा में बर्फबारी की संभावना बहुत कम है मनाली में भी 19 तारीख तक पॉसिबिलिटी कम है हा परंतु डिस्टिक्ट कुल्लू के जो रोहतांग, लाहौल आदि में बर्फ बारी हो सकती है जैसे की मैंने कहा कि कांगड़ा, मंडी, किन्नौर, कुल्लू इनकी हाई रिचिज में 19 तारीख तक बर्फबारी की संभावना है। लेकिन ऊना, बिलासपुर है इन स्थानों बारिश की संभावना बहुत कम है।